# मानस हेल्पलाइन

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

**जुलाई 2024** में शुरू की गई **मानस हेल्पलाइन** के एक वर्ष पूरे हो गए हैं। मानस हेल्पलाइन पर **70,000 नागरिकों** ने मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध खेती की रिपोर्ट करने या पुनर्वास सहायता प्राप्त की है।

## मानस

- **मानस (मादक-पदार्थ निषेध सूचना केंद्र)** नागरिकों के लिये **NDPS अधिनियम के तहत नशीली दवाओं** से संबंधित अपराधों की रिपोर्ट करने और **नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, उपचार और पुनर्वास** के लिये समर्थन प्राप्त करने हेतु एक सुरक्षित, गुमनाम मंच है।
- **शुरू: यह गृह मंत्रालय** के तहत **नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB)** की एक पहल है ।

## नशीली दवाओं के खतरे से लड़ने के लिये भारत का ढाँचा

- **भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47: औषधीय प्रयोजनों** को छोड़कर, **मादक पेय** और **हानिकारक दवाओं** के सेवन पर प्रतिबंध लगाता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय:** भारत ने **स्वापक औषधियों पर एकल अभिसमय, 1961 ( 1972 प्रोटोकॉल** द्वारा संशोधित), **मन:प्रभावी पदार्थों पर अभिसमय 1971** और **स्वापक औषधियों तथा स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम, 1988 पर** हस्ताक्षर किये हैं।
- **कानून: औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940**, [स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (NDPS) अधिनियम, 1985](#) और **स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम**।
- **अन्य पहल:** [नदिान पोर्टल](#), [नशा मुक्त भारत अभियान](#) आदि।

**और पढ़ें:** [युवाओं में मादक पदार्थों का बढ़ता दुरुपयोग](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/manas-helpline